(2)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज राजूराम विश्नोई बनाम लो.सू.अ. (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) सू.अ.अ. अपील संख्या 08 / 2019	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
30.01.19	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी राजूराम विश्नोई, पता 564, मंगल नगर, गुड़ा विश्नोईयान वाया लूणी जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 14.11.18 में उसके द्वारा (1) दिनांक 30.08.18 जिला सर्तकता समिति एवं जिला कलक्टर को प्रेषित शिकायत के संबंध में की गई दिन प्रतिदिन की कार्यवाही अर्थात् दैनिक प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने व अन्य बिन्दुओं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.(अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) से जरिये पत्रांक 47 दिनांक 14.01.19 रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें अवगत कराया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना के बारे में कार्यालय के पत्रांक 1924 दिनांक 13.12.18 जारी किया गया, चूंकि सूचना लोक सूचना अधिकारी (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) द्वारा प्रार्थी को सूचित किया जा चुका है कि उसका प्रार्थना–पत्र दिनांक 30.08.18 कार्यालय में आना नहीं पाया गया अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर अब कार्यवाही अपेक्षित नहीं होने के कारण अपील अपीलार्थी इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	